तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ दिया धरना, ...






12 नेशनल हाईवे पर 20 किमी के दायरे में कई हादसे, 4 लोगों की मौत









## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक आज

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 11 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से होगी। बैठक में संघ से संबंधित महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य ने दी है।

### सिहावा में आज होगी मड़ई

**नगरी।** ग्राम सिहावा स्थित मां दंतेश्वरी की मड़ई 11 दिसम्बर को होगी। इस साल भी ग्राम सिहावा, शिवपुर, डोंगरीपारा, कैत्तराई, हीरापुर, पाइकभांठा सहित आसपास के गांव के सहयोग से आयोजित हो रही है। इस आयोजन में मां दंतेश्वरी मन्दिर के पुजारी महेश शांडिल्य, मावली माता मन्दिर के पुजारी भूमसा कश्यप, देव समिति के अध्यक्ष देवव्रत गौतम, ग्राम पटेल राजेश यदु, संतोष पटेल, नारायण पटेल, लोकेश्वर पटेल, कमल पटेल, प्रभाकर पटेल, नरेन्द्र पटेल जुटे हैं।

### बकोरी में मड़ई 15 को

**मगरलोड।** ग्राम बकोरी में ग्रामवासियों के सहयोग 15 दिसंबर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम खल्लारी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष लोकेश्वर साहू, सचिव राजकुमार साहू ने दी है।

### घासीदास जयंती पर बेलौदी में 19 को मड़ई

**मगरलोड।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम बेलौदी में मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए ग्राम कठौली का संगम नाचा कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन में अध्यक्ष लोकेश भारती, सचिव शिवरतन बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, नंदू रात्रे, भानु रात्रे, शांतनु बंजारे, संजय महिलांगे, पोखराज चेलक, प्रेमलाल बघेल, रामदयाल बघेल, अर्जुन बंजारे, सुखदेव बघेल, समीर बंजारे जुटे हैं।

### छाती में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 18 से

**पुरी।** ग्राम छाती में सतनामी समाज समिति के तत्वावधान में बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 18 और 19 दिसंबर को किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 10001 रु, द्वितीय 7001 रु. तृतीय पुरस्कार 5001 रु. रखा गया है। प्रवेश शुल्क 201 रु. है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि नीशु चंद्राकर उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता विजय गायकवाड़ जनपद सदस्य धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि नीलकुमार बारले, लालचंद दिली होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता राकेश देवांगन सरपंच छाती करेंगे। विशिष्ट अतिथि कमलेश चंद्राकर उपसरपंच छाती, नरेंद्र साहू होंगे। तैयारी में कार्यक्रम के संरक्षक नेहरूराम बंजारे, लखन गायकवाड़, गोपाल चतुर्वेदी, धनराज गायकवाड़, इजेंद्र खुर्राट तथा समिति के अध्यक्ष दिनेश देशलहरे, उपाध्यक्ष दीपेश चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष धनेशकुमार, सचिव प्रकाश दिली, सहसचिव परमेश्वर चतुर्वेदी जुटे हैं।

वीर मेला स्थल के विकास कार्यों के लिए एक करोड़ की घोषणा की

# जनजातीय समाज के गौरव हैं शहीद वीरनारायण सिंह : विष्णुदेव साय

## पीला साफा बांधकर समाजजनों ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत







हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विराट वीर मेला का समापन मंगलवार को धूमधाम से हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद वीर नारायण को श्रद्धांजलि देते हुए मेला स्थल के विकास के लिए एक करोड़ से अधिक की राशि की घोषणा की।

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय समाज के गौरव हैं। इतिहास में उन्हीं को स्थान मिलता है जो समाज एवं देश के लिए अच्छा काम किया हो। शहीद वीर नारायण ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर अपने लोगों को अधिकार दिलाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और राज्य सरकार आदिवासी हित में लगातार काम कर रही है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जनजाति विकास के लिए अलग से मंत्रालय का गठन किया। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन भी आदिवासी समाज के हितों को ध्यान में रखकर किया है। वर्तमान में मोदी सरकार ने एक आदिवासी किसान को मुख्यमंत्री बनाया। आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया। कई सारे प्रयास जनजातीय समाज के लिए किए जा रहे हैं। धरती आबा योजना में 80 हजार करोड़ का बजट दिया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल हैं। ग्राम उत्कर्ष योजना में 6500 गांवों को शामिल किया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए पीएम जनमन योजना चलाई जा रही है। मोदी की गारंटी में बड़ा से बड़ा काम हो रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीर मेला स्थल के विकास के लिए एक करोड़ से अधिक राशि की घोषणा की जिसमें महिला सदन बनाने 30 लाख रूपए, पेयजल के लिए 20 लाख रूपए, मुख्य देवस्थल पहुंच मार्ग, प्रवेश द्वार, विद्युतीकरण के साथ नया रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में प्रतिमा स्थापना की घोषणा की।

प्रदेश गोड़वाना गोंड महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अकबरराम कोर्राम ने आदिवासियों के धर्मांतरण एवं विस्थापन को लेकर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री के आगमन पर समाज प्रमुखों ने स्वागत पीली पगड़ी बांधकर किया। स्वागत भाषण में वीर मेला समिति अध्यक्ष उमेंदीराम गंगराले ने मेला स्थल के लिए 26 एकड़ जमीन, मेला का शासकीय बजट बढ़ाने, महिलाओं के लिए सदन, पेयजल पानी टंकी तथा देवस्थल तक के लिए सड़क की मांग की।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद नेताम, पूर्व अध्यक्ष छग राज्य अजजा आयोग जीआर राणा, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बीएस रावटे, संयोजक जीवराखन मरई, तुकाराम कोर्राम, कन्हैया उसेंडी, ब्रम्हानंद नेताम, कृष्णकुमार ठाकुर, कमलनारायण ध्रुव, गौतम कुंजाम, डा. नंदकुमार साय, प्रेमलाल कुंजाम, जगत सलाम, कामताप्रसाद ध्रुर्वे, सोमनाथ ध्रुव, नारायण ध्रुव, ललित ठाकुर, चंद्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, गेवाराम नेताम, फिरंता उइके, मंजु प्रभाकर, अनीता ठाकुर, माधुरी रावटे, उत्तरा मरकाम, विश्राम सिंह, जीवनलाल सोनवानी, बुधलाल नेताम, रैनलाल देव, घनश्याम सोरी सहित प्रशासन के उच्चाधिकारी मंचासीन रहे।

# निगम ने गंदगी फैलाने वालों पर कसा शिकंजा 14 हजार जुर्माना वसूला



■ लालबगीचा वार्ड में कुछ लोग सड़क पर गोबर फैलाकर कर रहे थे गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

नगर निगम शहर की स्वच्छता और साफ-सफाई को ध्यान में रखते कड़ा कदम उठा रहा है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर लालबगीचा वार्ड में सड़क पर गोबर फैलाने वाले व्यक्तियों पर मंगलवार को कड़ी कार्रवाई की गई। टीम ने निरीक्षण के दौरान वार्ड के चार व्यक्ति से 14 हजार रूपए की दंडराशि वसूली। वार्ड के कैलाश गौली पिता मुन्ना गौली, शंकर मिश्रा पिता स्व.रामनारायण मिश्रा, पुष्पा सागरवंशी पति दीनदयाल, राममूर्ति ग्वाल पिता बिल्लु ग्वाल ने सड़क पर गोबर फैलाकर वार्ड की स्वच्छता को बिगाड़ा है। गोबर के कारण लोगों को असुविधा हुई। निगम के अधिकारियों ने उक्त सभी पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 14 हजार का जुर्माना वसूला।

आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट कहा है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सख्त कदम उठाया जायेगा। गोबर या अन्य कचरा सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना शहर की सुंदरता और लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। निगम इसमें कोताही नहीं बरतेगा। स्थानीय लोगों ने निगम की इस प्रयास की सराहना की। निगम की इस सख्ती से लोग नियमों का पालन करेंगे। शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा। वार्डवासियों का कहना है कि यह कार्रवाई आवश्यक थी।

खम्हरिया सांकरा के व्यापारी साप्ताहिक बाजार भूतबेड़ा जा रहे थे, लीलांज के पास हुआ हादसा

# मोटरसाइकिल को साइड देने के चक्कर में मेटाडोर पलटी, 10 लोग घायल






हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

खम्हरिया सांकरा के व्यापारी मेटाडोर में सवार होकर गरियाबंद जिले के साप्ताहिक बाजार भूतबेड़ा जा रहे थे। मोटरसाइकिल को साइड देने के चक्कर में मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 एमएन 7604 अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन सोंढूर रोड में लीलांज नदी से 200 मीटर दूर अनियंत्रित होकर पलट गई। मेटाडोर के चारों चक्के ऊपर हो गए। पिकअप में बैठे लोग इधर-उधर गिर गए। व्यापारी, चालक सहित 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की जानकारी होने पर पुलिस थाना मेचका प्रभारी आरएन बाजारे बिरेश कुमार रात्रे, भोज प्रजापति अपने दबबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। सोनोग्राफी, एक्स-रे किया गया। वाहन चालक केशव प्रसाद साहू ने बताया कि बाइक वाले को साइड देने के चक्कर में मेटाडोर के ब्रेक चिपक जाने के करण अनियंत्रित होने के करण पलट गई। वाहन में 12 से 14 लोग सवार थे। घायल नीराबाई निषाद पति मोतीराम उम्र 55 वर्ष रानीगांव के माथे, कमर एवं दाहिने हाथ में चोट आई है। सोनी बाई निषाद उम्र 50 वर्ष पति सुंदर हीरापुरको सीना, दाहिने हाथ पैर, देवेंद्र साहू पिता सुरेंद्र साहू उम्र 34 वर्ष कोड़मुड़पारा सांकरा को दाहिना कंधा, दोनों पैर, बालाराम साहू पिता राधेश्याम साहू उम्र 42 वर्ष खम्हरिया दोनों हाथ की कलाई, दोनों घुटने, लकी साहू पिता केशव साहू उम्र 17 वर्ष रानीगांव को बाएं हाथ की कुहनी, अभिजीत पिता ओंकार उम्र 28 वर्ष सारंगपुरी को दायीं आंख के पास, बाये हाथ की कुहनी, हुलेश साहू पिता केशव साहू उम्र 40 वर्ष स्कूलपारा सांकरा बायीं आंख के ऊपर, योगिता साहू पिता केशव उम्र 24 वर्ष सारंगपुरी को सीने, पुष्प कुमार साहू पिता अरुण साहू उम्र 27वर्ष सांकरा को बायां हाथ, सिर, अरुण साहू पिता डोमार उम्र 50 वर्ष सांकरा को दाहिना हाथ पैर व कंधे में चोट आई है। गंभीर हुलेश साहू पिता केजूराम साहू, योगिता साहू पिता केशव साहू को बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया है।

# ऑनलाइन टोकन के चक्कर में फंसे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

■ उपज बेचने के लिए कलेक्टर को सौंपा आवेदन

समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए टोकन अनिवार्य है। इस चक्कर में कई किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। भूलवश त्रुटि सुधार के लिए कलेक्टर को किसानों ने ज्ञापन सौंपा है।

ग्राम संबलपुर निवासी बीरबल साहू पिता अंजोरसिंह ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है वह लघु कृषक है। 1.76 हेक्टयर कृषि भूमि उसके नाम पर है। समर्थन मूल्य पर 91.20 क्विंटल धान बिकता है। पिछले साल की तरह 3 टोकन के माध्यम से बिक्री होना मानकर पहला टोकन 2 जनवरी के लिए 18 क्विंटल, दूसरा टोकन 9 जनवरी को 22 क्विंटल कटवाया। अब तीसरा टोकन लघु कृषक के लिए लागू नहीं है, ऐसा दिखा रहा है। इससे वह सिर्फ 40 क्विंटल धान बेच पा रहा है जबकि वह 51 क्विंटल धान विक्रय से वंचित हो रहा है। अंजोरसिंह का कहना है कि उसके सिर पर बैंक का कर्ज, शादी ब्याह करने तथा कृषि दवाई का कर्ज है। धान नहीं बेच पाने से वह मानसिक रुप से परेशान है। उन्होंने शेष धान विक्रय करने के लिए अनुमति दिलाने की मांग की है।

मगरलोड के ग्राम हसदा निवासी विष्णुराम पिता लच्छन साहू ने बताया कि उसके नाम पर 2.95 हेक्टयर कृषि भूमि है। पंजीयन सहकारी समिति खिसोरा में पंजीयन है जिसके माध्यम से 152 क्विंटल धान का विक्रय करता है। शासन के निर्देशानुसार धान बेचने के लिए 3 बार टोकन कटाने की अनुमति है। उसे मोबाइल के बारे में जानकारी नहीं है। तबीयत खराब रहने के कारण दूसरे व्यक्ति के माध्यम से 23 दिसंबर को 2.40 क्विंटल, 24 दिसंबर को 24.40 क्विंटल तथा तीसरा टोकन 3 जनवरी को 20.40 क्विंटल धान का काटा गया, कुल 152 क्विंटल में वह मात्र 65.20 क्विंटल धान का विक्रय कर पाया है जबकि 86.80 क्विंटल धान बेचने से वंचित हो गया है। विष्णुराम का कहना है कि उसका धान समर्थन मूल्य पर नहीं बिक पाया तो उसे आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उपार्जित फसल के शेष धान को क्रय करने के लिए आदेश प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है।



रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि से बढ़ा लोगों पर भार, घर पहुंच और तत्काल रजिस्ट्री भी महंगी

# दान देने और हक छोड़ने से कट रही लोगों की जेब

### फैक्ट फाइल

| माह | रजिस्ट्री | आय |
|---|---|---|
| अप्रैल | 365 | 17822457 |
| मई | 642 | 26515861 |
| जून | 585 | 26446399 |
| जुलाई | 562 | 31581109 |
| अगस्त | 394 | 20376459 |
| सितंबर | 401 | 19995331 |
| अक्टूबर | 466 | 28793550 |
| नवंबर | 347 | 19337987 |




हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जमीन का हक छोड़ना और दान देना महंगा हो गया है। इन दोनों प्रकार से जमीन की रजिस्ट्री करने पर चार प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क देना होगा। पहले यह शुल्क 1 प्रतिशत से भी कम था। हालांकि ब्लड रिलेशन यह शुल्क मात्र 500 रुपए ही है। इसके अतिरिक्त कई अन्य शुल्क में भी वृद्धि की गई है।

रजिस्ट्री की दर वही पांच साल पुरानी है, लेकिन शासन ने अन्य सुविधाओं पर शुल्क बढ़ा दिया है। कई लोग जमीन आदि पर मालिकाना हक छोड़कर दूसरे के नाम पर जमीन रजिस्ट्री कर देते हैं। अब उन्हें अपना हक छोड़ना महंगा पड़ेगा। पहले ब्लड रिलेशन को छोड़कर परिवार के किसी सदस्य के लिए हक छोड़ने पर 0.8 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क लिया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### घर बैठे होगी रजिस्ट्री, शुल्क 25 हजार

बीमार या पंजीयन कार्यालय आने में असक्षम लोगों को घर पर रजिस्ट्री करवाने की सुविधा दी जाती है। इसके लिए उनसे 1 हजार रुपए का शुल्क लिया जाता था। यह शुल्क बढ़ाकर अब 25 हजार रुपए कर दी गई है। शुल्क देने के बाद पंजीयन कार्यालय से सक्षम अधिकारी घर की विजिट करेंगे। यदि वे संतुष्ट होते हैं कि संबंधित व्यक्ति दफ्तर आने में सक्षम नहीं हैं तो वे घर जाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया निबटाएंगे।

### 15 हजार में तत्काल रजिस्ट्री

हर रोज एक निर्धारित संख्या में ही रजिस्ट्री की जाती है। कई बार तो हफ्ते दो हफ्ते के लिए अपाइंटमेंट फुल रहता है। रजिस्ट्री के लिए आवेदन करने पर दिन तिथि निर्धारित कर अधिकारी अपाइंटमेंट देते हैं। कई बार लोगों को तुरंत ही रजिस्ट्री की जरूरत पड़ती है लेकिन अपाइंटमेंट नहीं मिल पाता है। ऐसे में उन्हें तत्काल रजिस्ट्री की सुविधा दी जाती है। इसके लिए उन्हें 15 हजार रुपए का शुल्क देना होगा। शुल्क जमा लेने के बाद उसी दिन रजिस्ट्री की सुविधा दी जाएगी।

### कम हुई रजिस्ट्री की रफ्तार

इस माह जमीन की रजिस्ट्री की रफ्तार धीमी हो गई है। पहले कुरूद, नगरी से भी लोग पहुंचकर वहां की जमीन की रजिस्ट्री धमतरी उपपंजीयक कार्यालय में करवाते थे। इसके लिए उन्हें 11 हजार रुपए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता था। नए नियम के अनुसार दूसरे तहसील की जमीन की रजिस्ट्री करवाने पर शुल्क बढ़ाकर 25 हजार कर दिया गया है। शुल्क बढ़ने के बाद दूसरी तहसील से पंजीयन के लिए आने वालों की संख्या में गिरावट आई है। इसी कारण धमतरी उपपंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री की संख्या में कमी आ रही है।

# विद्युत कर्मचारियों का प्रांतीय सम्मेलन 15 को कोरबा में

**धमतरी।** विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का प्रांतीय सम्मेलन कोरबा में 15 दिसंबर को आयोजित किया गया है। यूनियन के प्रांतीय महासचिव अजय बाबर ने बताया कि सम्मेलन में संविदा कर्मचारी को बिना किसी भर्ती प्रक्रिया के तत्काल नियमित करने, शेष बचे लगभग 300 विभागीय टीडी भर्ती परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त पद का सृजित करने समेत अनेक मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



## पीपल के पत्तों पर उकेरी वीर नारायण की आकृति

**नगरी।** लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ग्राम मोदे नगरी निवासी ने पीपल के पत्तों पर शहीद वीर नारायणसिंह की आकृति उकेरी है। इसकी सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

## जंगलपारा में शहीद वीर नारायण को किया नमन

**नगरी।** आदिवासी समाज नगरी के तत्वावधान में जंगलपारा नगरी में वीर नारायण का बलिदान दिवस मनाया गया। वीर नारायण की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि वीर नारायण द्वारा देश के लिए दिए गये बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। वीर नारायण पहले स्वतंत्रता सेनानी है जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए लोगों में क्रांति की अलख जगाई थी। अंग्रेजों से क्षेत्रवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। उनकी लोकप्रियता पूरे देश में फैल गई जिसे देखकर अंग्रेजों ने उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया जिसके बाद क्रान्ति की लहर पूरे देश फ़ैल गई। मौके पर पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, श्रवण मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, प्रमोद कुंजाम, डोमार ध्रुव समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

**निधन**

### गोकुल राम साहू



**धमतरी।** ग्राम परसुली निवासी गोकुलराम साहू 81 वर्ष का निधन हो गया। वह भूषण साहू, मोहित साहू के पिता थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### श्रीमती बुधिया साहू



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत जीजामगांव के सेवानिवृत्त शिक्षक संतराम साहू की माताजी श्रीमती बुधिया साहू का निधन 9 दिसंबर सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार जीजामगांव के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर रूमनलाल साहू, संतराम साहू, सुकालुराम साहू, कमलनारायण साहू, दीनदयाल, जगन्नाथ, बीजेराम, प्रभुराम, मनोहर तोरण, शत्रुहन, रिखीराम, रवि, भूपेश, दीपक, विष्णुराम, किशोर, भीम, पूषेण, भीषम ने गहरा शोक प्रकट किया है।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

### शहादत दिवस पर याद किये गए छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# शहीद वीरनारायण सिंह ने अपने अधिकारों के लिए क्रांति करने की प्रेरणा दी : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर कुरुद के जनप्रतिनिधियों व आदिवासी समाज ने उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने देश की आजादी एवं अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ उनके द्वारा दिए गए बलिदान की गौरवगाथा कही।

शहीद वीर नारायण सिंह चौक बाईपास रोड कुरूद में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि भारत के संविधान में एक-एक नागरिक को संवैधानिक रूप से भोजन का अधिकार प्राप्त है। शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत हमें अपने अधिकारों के लिए क्रांति करने की प्रेरणा देती है। जमीदारों के गोदाम से अनाज निकालकर गरीबों में बांटने का काम, लोगों के भोजन के प्राकृतिक अधिकार को दिलाने का काम 19वीं सदी के मध्य में सोनाखान के राजा शहीद वीर नारायण सिंह ने किया था।

पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने कहा कि वीर नारायण सिंह की क्रांति और विचारों को समुदाय विशेष तक ही सीमित रखा गया है। जबकि वे देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। रविकांत चंद्राकर ने कहा कि शहीद नारायण सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। एक सच्चे देशभक्त व गरीबों की मसीहा थे। गरीबों के अधिकार के लिए लड़ते थे। अंग्रेजों के खिलाफ लड़े थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनाथ नेताम ने की। मंच संचालन फलेंद्र ध्रुव ने किया। इस अवसर पर मालकराम साहू, ललित ठाकुर, भूपेंद्र नेताम, संतोष सोरी, बसंत ध्रुव, पोखराज नेताम, राधेश्याम मांडवी, बोधन छेदैया, बिसहत ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, रामायण ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, केजई ध्रुव, तुमेश्वरी ध्रुव, राजू ध्रुव, कामताप्रसाद कुंजाम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने शहीद वीर नारायण को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के वीर सपूतों में पहले शहीद वीर नारायण सिंह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमारी दीवान, जिपं सभापति तारिणी चन्द्राकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकार, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, ब्लाक महामंत्री कृष्णकुमार साहू, महिम शुक्ला, रौशन चन्द्राकर, पूर्व मंडी सदस्य बिसाखा साहू, ब्लाक प्रवक्ता योगेश चन्द्राकार, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष डुमेश साहू, नपं सभापति मनीष साहू, रोशन जांगड़े, चुम्मन दीवान, पार्षद राघवेंद्र सोनी, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, अशोक साहू, संतोष प्रजापति, भारत भूषण साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## सर्व हिंदू समाज ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ नगर पंचायत नगरी में सर्व हिंदू समाज ने मंगलवार को दंतेश्वरी मंदिर से रैली निकली। अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। रूपेंद्र साहू, शिवशंकर साहू, संत कोठारी, मोतीलाल दिवाकर ने बताया कि बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। वहां के अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार किया जा रहा है। भारत सरकार इस मामले पर सकारात्मक हस्तक्षेप करें।

मौके पर जितेंद्र, गोकुलराम देवांगन, बंशी श्रीमाली, राजू गोसाई, हितेश्वर सिन्हा, राजेश्वर सिन्हा, भारत पटेल, डिगेश्वर, पुकेश्वर, करण, उदीप, चुनेश, कोमल, सचिन, यश संचेती, अश्वनी निषाद, तरुण साहू, परमेश्वर, विकास, संजय, पिंटू समेत बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, धर्मसेना के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिव-पार्वती प्रसंग ने किया भाव-विभोर, झांकी ने मोहा मन

- बाजारपारा सिवनीखुर्द में चल रही है शिवमहापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





बाजार पारा सिवनीखुर्द में चल रही शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस व्यासपीठ से प्रवचनकर्ता पंडित विष्णु प्रसाद दुबे ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई।

कथा व्यास ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए लेकिन माता पार्वती खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर ली। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। शिव-पार्वती विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे। कथा विश्राम के बाद आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

## नगरवासियों ने एसडीओपी पांडेय से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शैलेन्द्र पांडेय को नगरी एसडीओपी व नक्सल आपरेशन का स्पेशल प्रभार दिया गया है। नगरवासियों एवं व्यापारी संघ ने श्री पांडेय से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात करने में विक्की खनूजा, पेमन स्वर्णबेर, व्यापारी संघ अध्यक्ष संतोष साहू, अनिरूद्ध साहू, धनेश देवांगन, मदन साहू, प्रवीण परिहार, छोटू साहू शामिल हैं।

## छाती सोसाइटी में कृषकों का हुआ सम्मान

- किसान सोसाइटी से जुड़कर बिना ब्याज के ऋण का लाभ उठाएं : भेषज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी



ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती द्वारा किसानों का सम्मान किया गया। भेषज लाल साहू ने कहा कि किसान सोसाइटी से जुड़कर बिना ब्याज के ऋण का लाभ उठाएं। लाल जी साहू ने कहा कि समिति में किसानों को बहुत सुविधा मिलती है। दवाई , खाद, खाद्यान्न समय पर उपलब्ध होता है। खम्हन लाल साहूने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। हमारी छाती समिति लाभ पर चल रही है। धर्मेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हम सबको मिलकर समिति को आगे बढ़ाना है। समिति प्रबंधक ने बताया कि समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। माइक्रो एटीएम की सुविधा के साथ खाद बीज, दवाई का वितरण किया जाता है।

मौके पर किसान तेजराम साहू, लालजी साहू, कुंवरलाल साहू, जमुना बाई, घुरूऊ कंवर, नारायण सिन्हा हीरालाल ढीमर, शंकरलाल सिन्हा, ईश्वर पाल को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## मुनईकेरा में न्योता भोजन व मितानिनों का हुआ सम्मान

- सरपंच ने बच्चों के स्वच्छ पेयजल के लिए स्कूल को दिया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत मुनईकेरा की प्राथमिक शाला में सरपंच महेंद्र नेताम ने बच्चों को न्योता भोजन परोसा। साथ ही बच्चों को स्वच्छ पेयजल हेतु उनके द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत की सभी मितानिनों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सरपंच महेन्द्र नेताम ने बताया कि न्योता भोजन के माध्यम से बच्चों के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन में पोषक तत्वों की वृद्धि तथा सभी समुदाय के बच्चों में समानता की भावना विकसित करनी है। कार्यक्रम में पंचायत के वरिष्ठजन, पालकगण, शिक्षकगण, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चे शामिल रहे।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार साहब धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ /अ/74 वर्ष 2023-24
ग्राम भटगांव

सर्व साधारण आम जनता मौजा ग्राम भटगांव प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. रूद्री तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक डोमन लाल सिन्हा पिता स्व. श्री गणेश राम सिन्हा, जाति कलार निवासी ग्राम भटगांव तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) का रहने वाला है। आवेदक द्वारा अपनी माता श्रीमती रूखमणी बाई सिन्हा पति स्व. श्री गणेश राम सिन्हा का मृत्यु दिनांक 13/06/1991 को स्थान ग्राम भटगांव तह. व जिला धमतरी में होना बताया है। जो भूलवश ग्राम पंचायत भटगांव के जन्म/मृत्यु पंजी में पंजीयन नहीं है। इस कारण प्रमाण पत्र बनाने में काफी असुविधा उत्पन्न हो रहा है ऐसी स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को अपना आपत्ति/उजर दावा पेश करना है तो वह दिनांक 19/12/2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय तक उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार धमतरी (छ.ग.)

## कृषि उपज मंडी में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड




यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के निर्देशन में स्वीप प्रभारी डॉ. यशोदा साहू के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत पंजीयन एवं त्रुटि सुधार हेतु महाविद्यालय परिसर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कृषि उपज मंडी मगरलोड में श्रमिकों एवं किसानों के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वोटर आईडी कार्ड बनाने हेतु शत -प्रतिशत पंजीयन करने एवं त्रुटि सुधार की जानकारी दी गई। आगामी स्थानीय निर्वाचन में बिना भय और लालच के मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

## समाज की एकजुटता पर दिया जोर

- कोसरिया यादव समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की बैठक यादव भवन राधा कृष्णा मंदिर सलोनी में हुई। सभापति जयराम यादव ने सभा का संचालन किया। बैठक की अध्यक्षता ह्रदयराम यादव ने की। उन्होंने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष जोहन यादव, लीलाराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला प्रवक्ता ने भी सभा को संबोधित किया। जिला सचिव रामेश्वर यादव, योगेश यादव ने रोटी-बेटी विवाह संस्कार नियम से सभी ब्लॉक अध्यक्ष को अवगत कराया साथ ही राजनीति के क्षेत्र में अपने अधिकार को लेकर विचार विमर्श किया।

बैठक में संरक्षक अनिल यादव, झगरुराम यादव, पुरूषोतम यादव, योगेश यादव, रामेश्वर यादव, मन्नू लाल, सदाराम यादव, संतराम जसवंत यादव, दिनेश कुमार यादव, बीरबल यादव, पवन यादव, मुकेश कुमार यादव, मनोज यादव, रामकुमार, प्रमिला यादव, मीनाक्षी यादव, रामेश्वर यादव, लीलाराम यादव, ममता यादव, बीरबल यादव, दिनेश यादव, परमिला यादव, सुकमा बाई यादव, गणेश, गैंदलाल यादव, दीनदयाल यादव, चिंता राम, चंद्रभान यादव, रामकुमार यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। आभार व्यक्त दिनेश यादव ने किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# धनेन्द्र साहू जिलाध्यक्ष बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष प्रफुल पाल की उपस्थिति में हुई जिसमें धनेन्द्र साहू को धमतरी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजीपीएसके जिलाध्यक्ष संजय नारंग, सीजीसीएचओयू के महामंत्री हिरामन साहू, सीजीसीएचओयू के संभाग अध्यक्ष मुकेश टण्डन, सीजीसीएचओयू जिलाध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने की। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिला सलाहकार वेदिका साहू, उपाध्यक्ष खिलेन्द्र साहू, सचिव पंकज साहू, सहसचिव दुर्गेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष कुलदीपसिंह ठाकुर, मीडिया प्रभारी मिथिलेश ध्रुव, जिला सदस्य अंजु साहू, अनूप कौर, द्रोनेश्वरी साहू, दिव्या साहू, ब्लॉक कुरूद अध्यक्ष गायत्री गंगेले, सचिव खिलावन साहू, गुजरा अध्यक्ष रंजना यादव, उपाध्यक्ष शबनम खातून, सचिव ज्ञानेश्वरी साहू, नगरी ब्लाक अध्यक्ष तेजेश्वर साहू, उपाध्यक्ष लुकेश सिन्हा, मगरलोड अध्यक्ष रितेश साहू, सचिव पुष्पा साहू बनाए गए। बैठक में जिले में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के कार्यों में आ रही दिक्कतों एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

**Pride of Dhamtari**
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




डिलीवरी सुविधा उपलब्ध
राजनीतिक कार्य वजीब दाम में

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### परकोम में दो दिवसीय भव्य रामायण 14 से

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम परकोम वासीयों के तत्वधान में दो दिवसीय छ ग राज्य स्तरीय भव्य रामायण मेला का आयोजन 14 एवं 15 दिसंबर शनिवार और रविवार को किया गया है। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर सरपंच अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, उपाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, राजू पटेल, सचिव भोजराम पटेल, अश्वत दीवान, सलाहकार चंद्रकुमार पटेल, मुकेश चंद्रवंशी, प्रचार प्रभारी टकेश निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश पटेल आदि ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्यारहवां वर्ष होने जा रहा है। जिसमे आंमत्रित मंडलियों के द्वारा संगीतमय सारर्भित प्रवचन परमपिता परमात्मा श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का रसपान करने हेतु श्रद्धांलुओं से अपील की गई है।

### युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागी होंगे शामिल

**बागबाहरा।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जा रहा हैं। युवा उत्सव 2024- 25 में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकगीत, तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण एवं कविता, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पाद आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**महासमुंद।** बीए प्रथम सेमेस्टर जीई, डीएसई (मनोविज्ञान) विषय के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 14 दिसंबर को सुबह 11 से 2 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक फाईल एवं एक प्रयोज्य के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 11 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा से संबंधी जानकारी हेतु गायत्री चंद्राकर एवं रेणुका साहू, अतिथि व्याख्याता मनोविज्ञान से संपर्क कर सकते है।

### योग भवन में गीता जयंती आज

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 11 दिसंबर को गीता जयंती मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे योग-भवन से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भगवद गीता का संपूर्ण पाठ होगा, रात्रि 7 से 8 बजे तक गीता पर स्वामी रामसुखदास जी महाराज की व्याख्या कृत प्रबोधनी गीता का पाठन होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दान देने और हक छोड़ने से कट रही लोगों की जेब

ब्लड रिलेशन में यह शुल्क अभी 500 रुपए है। दान देकर जमीन की रजिस्ट्री करवाना भी महंगा हो गया है। यहां रजिस्ट्री शुल्क को हक छोड़ रजिस्ट्री के जितना ही कर दिया गया है। इस वृद्धि की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इस शुल्क के लागू होने से लोगों की जेब पर अतिरिक्त वजन पड़ रहा है।

**मांग : किसानों का पूरा 21 क्विंटल धान खरीदकर एकमुश्त 3217 रुपये करें भुगतान**

# कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ दिया धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था, टोकन सिस्टम, बारदाना की व्यवस्था, माप तौल में गड़बड़ी, किसानों से पूरा इक्कीस किंवटल धान खरीदने, सोसाइटी में समय पर धान उठाव, एकमुश्त 3217 रुपए भुगतान करने आदि मांगों को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए में करें क्योंकि 3100 रूपए बीजेपी ने अपने चुनावी वादे में कहा था।

इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इस कारण धान की खरीदी 3100 रूपए से बढ़ाकर 3217 रूपए की जाए। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रुपये में धान की खरीदी की थी।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमारी दीवान, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, ब्लाक महामंत्री कृष्णकुमार साहू, महिम शुक्ला, रौशन चन्द्राकर, पूर्व मंडी सदस्य बिसाखा साहू, ब्लाक प्रवक्ता योगेश चन्द्राकर, युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष देवव्रत साहू, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष डुमेश साहू, नपं सभापति मनीष साहू, रोशन जांगड़े, चुम्मन दीवान, पार्षद राघवेंद्र सोनी, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, अशोक साहू, संतोष प्रजापति, भारत भूषण साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

**किसान आज भी अपनी बारी का कर रहे इंतजार : तारिणी**

जिला पंचायत सभापति तारिणी चंद्राकर ने कहा कि टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 15 दिन बाद तक किसानों का धान बेचने नम्बर नहीं लग रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रही है उसमें 1.5 किलोग्राम तक अधिक तौला जा रहा है। सोसाइटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। बड़े किसान आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

## आवास योजना के लिए निगम डोर टू डोर सर्वे में जुटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को आवासीय लाभ प्रदान करने निगम की टीम घर -घर सर्वे कर रही है। टीम में वार्ड उप अभियंता, सहायक राजस्व निरीक्षक आदि शामिल हैं। बता दें कि इस योजना में गरीब, निम्न आय वर्गीय परिवार को सस्ता और स्थाई घर प्रदान करना है। सर्वे में टीम द्वारा नागरिकों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लाभार्थियों को योजना की सब्सिडी और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

टीम ने बताया कि यह सर्वे इसलिए किया जा रहा है ताकि योजना का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक बिना किसी बाधा के पहुंचे। टीम यह सुनिश्चित कर रही है कि योग्य नागरिक इस योजना में सम्मिलित हो। वार्डों में सर्वेक्षण तेजी से जारी है। विभाग की इस पहल से नागरिकों में उत्साह है। निगम इस दिशा में सक्रियता और समर्पण भाव से कार्य कर रहा है।

## कामकाज महिला समिति ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के 40 वार्डों की कामकाज महिला समिति विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता विक्रांत शर्मा से उनके निवास कार्यालय में मिली और राशन कार्ड, आवास, बिजली बिल, पट्टा, जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुलोचना यादव समेत अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

## कृषकों को सरसों बीज का हुआ वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी ब्लॉक के ग्राम मेचका में कृषि विभाग द्वारा वन पट्टाधारी किसानों को मुफ्त में सरसों बीज वितरण किया जा रहा है। वहीं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत नगरी तहसील के ग्राम अरसीकन्हार के वन पट्टाधारी कृषकों को सरसों बीज का वितरण किया गया है। उपसरपंच परमात्मा कुंजाम ने बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी आकाश निर्मल एवं ग्राम के कृषक उपस्थित थे।

## सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ की अनीता अध्यक्ष बनीं





■ पदाधिकारियों ने समाज को संगठित करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया । सोमवार को सोनकर समाज भवन में नवमनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की गई। वहीं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। पदाधिकारियों ने शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देकर समाज को संगठित करने की शपथ ली। जिला अध्यक्ष संतोष सोनकर ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीता सोनकर, उपाध्यक्ष रुक्मणि सोनकर, सीमा सोनकर, सचिव सरिता सोनकर, सहसचिव हेमलता सोनकर, कोषाध्यक्ष गणेशी सोनकर, उप कोषाध्यक्ष नंदिनी सोनकर, मीडिया प्रभारी दुर्ग सोनकर, रानू रश्मि सोनकर समेत उनकी पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ली। संरक्षक यशोदा सोनकर ने कहा कि महिलाओं का जागृत होना अच्छा संकेत है।

महिलाएं जागृत हो गईं तो समाज की उन्नति की रफ्तार दोगुनी हो जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में समाज को और अधिक काम करने की जरूरत है।

अखिलेश सोनकर ने कहा कि समाज की मातृ शक्तियों को एकजुट कर रचनात्मक कार्यों में सक्रिय करना सराहनीय पहल है। इस अवसर पर सलाहकार रुक्मणि सोनकर, चंचल सोनकर, सरस, घणेश्वरी, विशेष आमंत्रित सदस्य किरण, मनीषा, ज्योति सोनकर, प्रीत सोनकर, रामेश्वर सोनकर, धनेश सोनकर, धनीराम सोनकर, कांशीराम सोनकर, रामेश्वर सोनकर, दिनेश सोनकर मौजूद रहे।

## भाजपा कुरुद विस ने सर्वसम्मति से तय किये चार मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

**अपनाई गई निर्वाचन प्रक्रिया : प्रदेश से हरी झंडी मिलने के बाद होगी नामों की घोषणा**





भाजपा संगठनात्मक चुनाव की कड़ी में जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के नेतृत्व में कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले कुरुद, भखारा, सिर्री एवं मेघा मंडल में नये अध्यक्ष नियुक्त करने निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई। मंडल पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों से रायशुमारी कर सर्वसम्मति से चारों मंडल से एक-एक नाम तय कर निर्वाचन पर्ची चुनाव अधिकारी को सौंप दी गई। नामों की सूची प्रदेश कार्यालय को बंद लिफाफे में भेज दिया गया है जिसकी घोषणा प्रदेश हाईकमान से हरी झंडी मिलने के बाद की जायेगी।

मंगलवार को भाजपा कार्यालय कुरुद में कराई गई निर्वाचन प्रक्रिया में कुरुद विधानसभा के कुरुद, भखारा, सिर्री एवं मेघा मंडल से पहुंचे करीब 400 पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों ने अपने-अपने मंडल में अध्यक्ष बनाने 3-3 नामों की सूची रख सभी दृष्टिकोण से उपयुक्त नाम पर रायशुमारी की। इसके बाद सर्वसम्मति से चारों मंडल से एक-एक नाम तय कर निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पर्ची में नाम दर्ज कर अपने-अपने मंडल के चुनाव अधिकारी को बंद लिफाफे में नाम सौंप दिया गया।

विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में अपनाई गई निर्वाचन प्रक्रिया में जिलाध्यक्ष श्री बैस ने कुरुद के लिए निर्मल बरड़िया, भखारा के लिए दयाराम साहू, सिर्री के लिए नेहरू निषाद एवं मेघा मंडल के लिए विकल गुप्ता को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया था। सभी ने सर्वसम्मति से चारों मंडल से केवल एक-एक नाम तय किये जाने के लिए प्रशंसा व्यक्त कर कुरुद विधानसभा के कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

इस अवसर पर निरंजन सिन्हा, कमलेश ठोकने, ज्योति भानु चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, गौकरण साहू, मालकराम साहू, झागेश्वर ध्रुव, भीम साहू, पूर्णिमा रामस्वरूप साहू, श्याम साहू, वीरेंद्र साहू, आनंद यदु, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, पुष्पेंद्र साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, होरीलाल साहू, गौतम जैन, आनंद गांधी, भोजराज चंद्राकर, देवेंद्र साहू के अलावा पूरे विधानसभा के 237 बूथ अध्यक्ष एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जिसे हम चुन रहे, उन्हें सम्मान देने की जिम्मेदारी हम सबकी : चंद्राकर**

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन एक पारिवारिक संगठन है, इसमें संविधान और इसकी धाराएं हैं लेकिन अंतिम समय में आवश्यकता पड़ने पर इसे बदला भी जा सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि हम चुनाव में संविधान का पालन और परामर्श नहीं करेंगे। हम बराबर परामर्श करेंगे, सबकी सहमति से ही निर्णय होगा। लेकिन जहां सहमति नहीं होगी, वहां हम सामने वाले से कहेंगे कि आप अभी रुको हम आपके बारे में विचार करेंगे। यहां संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बैठे हैं। आप सबको इस दिशा में नीचे तक संगठन को लेकर जाना है जिसे सहमति बनाकर एक साथ चुन रहे हैं, उसको स्थापित करने और उसका सम्मान करने की जिम्मेदारी भी हम सबकी है।

### सांकरा में धान मिंजाई जात्रा मनाया गया

**सांकरा/नगरी।** ग्राम सांकरा में धान मिंजाई जात्रा मनाया गया। ग्राम के देव स्थल पर विधि-विधान से पुजारी कुमेश पटेल ने पूजा-अर्चना कर गांव की खुशहाली की कामना की। मौके पर ग्राम समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, छगन साहू, कोषाध्यक्ष देवीशरण कश्यप, सचिव टिकेश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष मानस सम्मेलन समिति साधुराम साहू, सचिव मानस सम्मेलन समिति सांकरा नागेन्द्र बोरझा, पूर्व सहसचिव मानस सम्मेलन समिति सांकरा राजू पटेल, जनक साहू, रामेश्वर साहू, जागेश्वर नाथ गोसाई, जेठूराम पटेल, सोपसिंग पटेल, नंदू पटेल, विष्णु पटेल, हरि भंडारी समेत देव समिति के सदस्य व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने किसानों की चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

जनदर्शन पहुंचे यूनियन के प्रदेश संयोजक लीलाराम साहू, जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, रामनिहोरा निषाद, दीनदयाल, ज्ञानीराम, मनराखन, रघुनाथ ने बताया कि धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने, बचे हुए किसानों का टोकन शीघ्र काटने, धान खरीदी की 3100 रुपए प्रति क्विंटल की राशि किसानों को एकमुश्त देने, सोसाइटियों में जाम हो चुके धान का शीघ्र उठाव, सन 2023-24 में धान खरीदी की बाकी किस्त को देने की मांग की गई है।

## ओवरस्पीड से वाहन चलाते हुए भारी वाहन को ओवरटेक न करें : चन्द्रा

■ बौध्दिक परिचर्चा में उपपुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के एनएसएस के छात्रों द्वारा ग्राम खम्हरिया में सात दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस यातायात सुरक्षा व लोकतंत्र में पत्रकार की भूमिका पर बौध्दिक परिचर्चा हुई।

शिविर में उपपुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा ने एनएसएस के छात्र-छात्राओं को बताया कि जब भी आप दोपहिया वाहन चलाये तो ओवरस्पीड से वाहन न चलाएं, ओवरस्पीड से वाहन चलाते हुए भारी वाहन व कार को ओवरटेक न करें।

अंधा मोड़, पुल पुलिया में भी सामने से जा रहे वाहनों को ओवरटेक न करें, कभी-कभी ओवरस्पीड से ओवरटेक करने के दौरान वाहन चालक अपने वाहन से नियंत्रण खो देता है, और सामने से आ रहे वाहन, रोड किनारे पेड़, पुल पुलिया की रेलिंग या गड्ढे में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से गंभीर चोट लगने से स्थायी विकलांगता या मृत्यु भी हो जाती है। सड़क दुर्घटना से बचने के लिए सड़क सुरक्षा उपकरण हेलमेट, सीटबेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। वाहन में क्षमता से अधिक बैठकर न चले। शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। मोबाइल में बात करते हुए वाहन न चलाये। नाबालिक को वाहन चलाने न दें। इस दौरान छात्र-छात्राओं को करियर मंत्र बताकर लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करने, लक्ष्य प्राप्ति के लिए हरसंभव प्रयास करने प्रेरित किया।

पत्रकार जीवन नाहटा, राजू पटेल ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, कलम के सिपाही पत्रकार जनमानस व समाज में एक दर्पण की तरह अच्छे और बुरे कार्य को सामने लाने का काम करते हैं। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी आरआर मेहरा, प्राचार्य डा. मनदीप खालसा, डॉ. दीपा देवांगन, प्रदीप जैन, कालूराम साहू, नपं नगरी के उपाध्यक्ष अजय नाहटा, राजीव पटेल, यातायात शाखा से सउनि भेनूराम वर्मा, आरक्षक मोहम्मद जुनैद मिर्जा, संतोष ठाकुर उपस्थित थे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## पुरूर से मरकाटोला के बीच हुई चार घटना

# नेशनल हाईवे पर 20 किमी के दायरे में कई हादसे, 4 लोगों की मौत

**धमतरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में 20 किमी तक एक के बाद एक कई भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इन हादसों में चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं दर्जनभर लोग घायल हो गए हैं। हादसा मेला देखकर लौटने के दौरान हुआ है। हर के ग्रामीण अंचल सहित नेशनल हाईवे में बीते 24 घंटे में लगातार कई सड़क दुर्घटना हुई। ग्रामीण अंचल में सोमवार की सुबह पहली सड़क दुर्घटना हुई थी। दूसरे दिन मंगलवार की रात्रि तक चलती रही। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे बीएसएफ जवान की कार को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी अस्पताल में उसका उपचार जारी है।







### बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

बालोद जिला के ग्राम घोतिमटोला थाना डौंडी निवासी गौरव देवांगन पिता देवकुमार उम्र 17 वर्ष सोमवार की दोपहर अपने पिता की बाइक क्रमांक सीजी 04 यू 9264 में साथी गजेंद्र के साथ वीर मेला घूमने गया था। शाम को दोनों बाइक से ओन्हाकोन्हा के मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम करेंझर थाना चारामा के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए गुरुर अस्पताल ले जाया गया। रिफर किये जाने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### मरकाटोला में हादसा दो की मौत

सोमवार की रात्रि नेशनल हाईवे में ग्राम मरकाटोला घाटी में बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। ग्राम धनोरा-दुधावा निवासी देवराज कोडोपी 23 वर्ष व टिकेश्वर मंडावी 24 वर्ष सोमवार को बाइक में राजाराव पठार में आयोजित वीर मेला देखने आए थे। मेला घूमकर दोनों युवक रात्रि में बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे 30 में मरकाटोला घाटी में बोलेरो व बाइक की भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई। वहीं बोलेरो में सवार 5 लोग घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए चारामा अस्पताल लाया गया। वहीं पुरूर पुलिस ने युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरूर भेज दिया।

### पिकअप, बाइक व आटो आपस में भिड़ी

सोमवार की रात्रि वीर मेला देखकर लौट रहे सवारियों से भरी आटो, बाइक व पिकअप आपस में टकरा गई। घटना नेशनल हाईवे में पुरूर के आगे हुई है। मेला देखकर लौट रहे कुबेर ठाकुर पिता पुसऊराम 48 वर्ष, उसके बेटा जलेश्वर ठाकुर व नाती धीरज ठाकुर घायल हो गए। वहीं आटो में सवार सीमा ध्रुव 30 वर्ष, कीर्ति साहू 65 वर्ष कोमिता साहू 14 वर्ष व योगिता साहू 14 वर्ष सहित अन्य सवार सभी ग्राम कंडेल थाना अर्जुनी निवासी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।


### बस पलटी, यात्री घायल

मंगलवार को महिंद्रा ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 07 ई 1484 रायपुर से जगदलपुर के लिए निकली थी। बस नेशनल हाईवे से होते हुए धमतरी पारकर चारामा की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान पुरूर के आगे ढाबा के पास अचानक सामने आ गई बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर सड़क किनारे पलट गई। इस घटना में बस में सवार दर्जनभर यात्री को चोट आई है। घायलों में से तीन की गंभीर चोट को देखते हुए उपचार के लिए रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया गया। सूचना पर पुरूर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद में जुट गई।

### दो बाइक में भिड़ंत एक युवक की मौत

नेशनल हाईवे में चौथी सड़क दुर्घटना मंगलवार की रात्रि बालोदगहन के पास हुई। जहां दोपहर में बस पलटने की घटना हो चुकी थी। उसी घटनास्थल के आगे हाईवे से गुजर रही दो बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक के सवार जितेन्द्र ध्रुव कुरूद निवासी व तुलसीराम ध्रुव ग्राम अरौद निवासी घायल हो गए। रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। इसी दौरान रास्ते में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## युवा नशापान से दूर रहें एवं समाजहित में कार्य करें : रंजना



■ शकरवारा में सिन्हा समाज भवन के लोकार्पण के साथ सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम शकरवारा में नवनिर्मित सिन्हा कलार समाज भवन का लोकार्पण एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सिन्हा समाज की मातृशक्तियों ने कलशयात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू, विशेष अतिथि रुद्री सरपंच अनीता यादव, अशोक सिंह पूर्व पार्षद, जीआर सिन्हा, वामन सिन्हा, कमलेश सिन्हा थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने विधायक कार्यकाल के समय मूलभूत सुविधा, अधोसंरचना कार्य में समाज का विशेष ध्यान देकर अनेक भवन एवं शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर सुविधा देने का हरसंभव प्रयास किया गया। आगे भी सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। युवा शक्ति नशापान से दूर रहें एवं समाज सेवा में आगे बढ़ते हुए समाजहित में कार्य करें। मौके पर ग्राम प्रमुख रेखराम साहू, तीजूराम सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, मनोज सिन्हा, ललित मगेंद्र, मनोज सिन्हा, सोहन सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, वेदुराम सिन्हा, भागीराम सिन्हा, मोहन सिन्हा, धनंजय सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, श्रीमती झामीन सिन्हा, देवकी बाई सिन्हा, खोमेश्वरी सिन्हा, अनुसुइया सिन्हा, रमशीला सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## धमतरी वनमंडल में हुआ ई-ऑक्शन

**धमतरी।** धमतरी वनमंडल ने बीते दिनों ई-ऑक्शन प्रक्रिया हुई। इस डिजिटल प्रक्रिया में वनोपज इमारती लकड़ी, बांस, जलाऊ लकड़ी और अन्य सामग्री का निवर्तन किया गया। यह नवीन प्रक्रिया पारंपरिक खुली नीलामी के स्थान पर अपनाई गई है, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। इस ऑनलाइन प्रक्रिया में बड़ी संख्या में बोलीदाताओं को भागीदारी का अवसर मिला। ई-ऑक्शन में कुल 134 बोलीदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि विकृत लॉटः 210, राजस्व : 39 लाख 54 हजार 310 रूपये तथा अविकृत लॉट :44 हैं। उन्होंने ई-ऑक्शन प्रक्रिया को वनोपज के प्रबंधन और राजस्व सृजन में मील का पत्थर बताया।

## ख़बर संक्षेप



### आज शाम को जल आपूर्ति रहेगी बाधित

**धमतरी।** शहर के फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य 11 दिसंबर बुधवार को किया जाएगा। इस वजह से शहर की जल आपूर्ति बुधवार की शाम को अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। नगर पालिक निगम के जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी और जल अधीक्षक प्रकृति जगताप ने नागरिकों को इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं जल आपूर्ति प्रणाली को दुरुस्त और पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। गुरुवार को सुबह से पेयजल सुचारू रूप से उपलब्ध होगा।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए मंगाई प्रविष्टियां

**धमतरी।** छग शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए वर्ष 2024 हेतु राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले के योग्य बालक-बालिकाओं से वांछित दस्तावेजों में निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां 2 जनवरी 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में आमंत्रित की गई हैं। आवेदनकर्ता बालक, बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य तथा कार्य घटना दिनांक को आवेदन की आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, वे आवेदन के लिए पात्र होंगे।

### मुल्ले में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 19 से

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर सतनामी समाज मुल्ले द्वारा 19 एवं 20 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलन के अतिथि भूषण जांगड़े पीडब्ल्यूडी, ठाकुर रात्रे प्रोफेसर, दूजराम सोनवानी एएसआई, चंद्रिका प्रसाद सोनवानी होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। आयोजन की तैयारी में सतनामी समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।

### कलेक्टर ने एसडीएम नगरी को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा

**धमतरी।** बीते दिनों कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीण भांसानाला कसपुर ने कलेक्टर नम्रता गांधी को आवेदन प्रस्तुत कर कसपुर से भांसानाला को पृथक करते हुए स्वतंत्र राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की थी। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी को कसपुर से भांसानाला व जामपानी को पृथक कर राजस्व ग्राम घोषित करने अनुशंसा सहित विस्तृत जांच प्रतिवेदन, ग्रामसभा प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्राम कसपुर से भांसानाला व जामपानी को अलग करते हुए पृथक-पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने की कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। कलेक्टोरेट स्थित भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक इससे पूर्व भी ग्राम कसपुर में शामिल जामपानी को पृथक करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसके तहत ग्राम कसपुर व जामपानी का पृथक-पृथक अभिलेख-खसरा, नक्शा, री-रीनंबरिंग सूची तैयार कर ली गई थी। चूंकि कसपुर से पुनः भांसानाला को पृथक करने की मांग गत वर्षों से की जाती है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी को दिए हैं।

## प्रीतम साहू भाजपा महामंत्री ने किया वृद्धजनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रीतम साहू भाजपा भोथली मंडल महामंत्री ने अपने जन्मदिन को वृद्धजन, दिव्यांगजन के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग और दिव्यांग लोग अकेलापन महसूस करते हैं। आज भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास किसी के लिए समय ही नहीं है। ऐसे में अगर हम किसी के लिए बिना किसी प्रयोजन के समय निकालते हैं तो उनसे अपनापन और आशीर्वाद मिलता है। वहीं वृद्धजन दिव्यांगजन ने भावुक होकर कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी ने अपने जन्मदिन पर हम लोगों को याद किया। ऐसी सोच रखने वाले बहुत कम होते हैं।

मौके पर हेमंत चंद्राकर अध्यक्ष भोथली मंडल भाजपा, महामंत्री मिश्री पटेल, बल्ला चंद्राकर, ऋषभ देवांगन, भगत यादव, उमेश साहू, किशोर साहू, मनीष साहू, रामाधार साहू, महेंद्र सेन, राजेश चंद्राकर, यतीश भूषण श्रीवास्तव, प्रद्युम्न नगारची, रामेश्वर साहू, चन्द्रभान साहू, आनंद स्वरूप मेश्राम, नरोत्तम साहू, सुरेश साहू, भूपेंद्र साहू, द्वारिका साहू, डोमेश्वर साहू, प्रवीण साहू, गिरीश साहू, नंदु साहू, कुंवर लाल साहू, ऋषभ चंद्राकर, हंसराज साहू, चिरौंजी लाल साहू, चंद्रकला पटेल, रेश्मा शेख, पूर्णिमा बनपेला, यामिनी साहू समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने नीशु के नवीन कार्यालय का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत राजाराव पवार में आयोजित वीर मेला में शामिल होने जाते समय मंगलवार को सुबह 11:30 बजे धमतरी पहुंचे। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सम्बलपुर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर के नवीन कार्यालय में कुछ समय रूके, जहां श्री चन्द्राकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने फूलमाला व आतिशबाजी कर उनका भव्य स्वागत किया। श्री महंत के साथ कुनकुरी के पूर्व विधायक विनय जायसवाल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, पूर्व जला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### श्री चन्द्राकर निरंतर जनहित के कार्य में जुटे हैं : चरणदास

इस दौरान श्री महंत ने जिपं उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर के नवीन कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में श्री महंत ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारते हुए शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत को याद किया। नीशु को क्षेत्र में निरंतर जनहित में विकास कार्य करने कहा। श्री महंत ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश के साय सरकार की जनविरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश हित में बनाई गई अच्छी नीतियां साय सरकार को खराब दिखती है इसलिए पूर्ववर्ती योजनाओं को बंद कर रहा है। प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती, चाकूबाजी आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। माफियाओं का बोलबाला है।

इस अवसर पर नीशु चन्द्राकर ने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र की जनता एवं जिलेवासियों के जनहित के कार्यों के लिए हमेशा खुला रहेगा। जनता अपनी समस्या और सुझाव के लिए कार्यालय आ सकती है।

इस अवसर पर सम्बलपुर सरपंच राजेश चन्द्राकर, उकेश्वरी फलेश साहू सरपंच बोड़रा, रामचंद दीवान, जोन अध्यक्ष डाही डॉ. ओमप्रकाश सेन, सतीश चन्द्राकर, लीली श्रीवास, राहुल बख्तानी, हेमंत सिन्हा, पप्पू गजेन्द्र, ललित यादव, भागी यादव, भागी निषाद, दिनेश देवांगन, पुरी उपसरपंच पुष्पेन्द्र साहू, राहुल नेताम, सेक्टर अध्यक्ष हरीश चन्द्राकर, भूपेन्द्र साहू, श्रीराम केले, मानसिंह ध्रुव, हरनारायण साहू, विक्रम तिवारी, लक्ष्मण साहू, लल्ला चन्द्राकर, शिवरती घृतलहरे, अवध चेलक, चन्द्रहास साहू, लक्ष्मीकांत साहू, शिव चन्द्राकर, शुभम यदु, सुशील यदु, लोकेश साहू, हीरासिंग ध्रुव, भगवती साहू, कोमल साहू, नेत्रप्रकाश रामटेके, गोकुल साहू, घनश्याम साहू, रिंकू चन्द्राकर, धनेश साहू, अर्जुन साहू, रामकृष्ण महंती, जगदे साहू, लेखराम निर्मलकर, चरण ध्रुव, सोहन निर्मलकर, सुरेन्द्र चन्द्राकर, सीताराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## नोडल अधिकारी ने किया स्थल का निरीक्षण

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 को

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 दिसम्बर को स्थानीय बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उप संचालक पंचायत अविनाश मसराम ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को अपने दायित्वों का सुगमतापूर्वक निर्वहन करने एवं प्रतिभागियों हेतु उचित व्यवस्था करने कहा। मौके पर सीईओ जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर, उपायुक्त नगर निगम पीसी सार्वा, शिक्षा विभाग से एलडी चौधरी, सहायक संचालक कौशल विकास विभाग डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र धमतरी नितिन शर्मा, जिला संगठक रेडक्रॉस आकाशगिरी गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।









# किसानों की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

■ राज्यपाल के नाम सक्षम अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में गांधी मैदान में धान खरीदी में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इसके बाद राज्यपाल के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेसियों ने कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा धान खरीदी केन्द्रों चलो अभियान चलाया गया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण एवं ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा। जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी हो रही है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा। नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है।

मोहन लालवानी ने कहा कि सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गई है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाई जा रही है जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर ने कहा कि सरकार ने यह घोषणा की है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके हैं, उनके खाते में रकम हफ्तो तक नहीं आई है। आभार व्यक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया।

मौके पर पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, सेवालाल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, अरविंद दोशी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, पार्षद सोमेश मेश्राम, दीपक सोनकर, राजेश पांडेय, ममता शर्मा, नीलू पवार, लोकेश्वरी साहू, राजेश पांडेय, कमलेश सोनकर, अवैश हाशमी, विक्रांत शर्मा, उदित नारायण साहू, गौतम वाधवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

